कोटद्वार, गुरूवार
10 अक्टूबर 2024
वर्ष: 46
अंक: 162 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### आज बंद होंगे हेमकुंड के कपाट, 25 मई को खुले थे कपाट

चमोली : सिखों के हिमालयी तीर्थ श्री हेमकुंड साहब के कपाट शीतकालीन अवकाश के लिए गुरुवार को दोपहर एक बजे बंद कर दिए जायेंगे। जिसकी सभी तैयारियां ट्रस्ट ने पूरी कर ली है। कपाट बंद होते समय ढाई से तीन हजार सिख श्रद्धालुओं के मौजूद रहने की उम्मीद है। इस वर्ष अभी तक दो लाख सैंतीस हजार सात सौ सिख तीर्थ यात्री हेमकुंड साहब के दर्शन कर चुके हैं। हेमकुंड साहब के कपाट बंद होने की प्रक्रिया गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होगी। प्रातः साढ़े नौ बजे सुखमनी पाठ एवं अरदास की जाएगी। पौने दस बजे सबद कीर्तन शुरू होंगे जो सवा बारह बजे तक जारी रहेंगे। सवा बारह बजे वर्ष की अंतिम अरदास होगी। साढ़े बारह बजे हुक्मनामा लिया जाएगा। जिसके बाद ठीक एक बजे पंच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरूग्रंथ साहब को दरबार साहब से शीतकाली स्थल सचखंड में सुशोभित किया जायेगा। वरिष्ठ प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि कपाट बंद होने पर अंतिम अरदास व गुरूवाणी सुनने के लिए ढाई हजार तीर्थ यात्री अंतिम पडाव घांगरिया पहुंच चुके हैं। कहा कि इस वर्ष आस्ट्रेलिया, कनाडा, इंगलैंड से एनआरआई समेत बम्बई, हरियाणा, हैदराबाद, कानपुर, लखनउ, अम्बाला आदि से भारी संख्या में संगते पहुंची हुई हैं। कपाट बंद होते समय सेना का गढ़वाल स्काउट एवं पंजाब से आया रिटायर सैनिकों का बैंड भी मौजूद रहेगा। (एजेंसी)

### प्रतापपुर में दो पक्षों के बीच भीषण संघर्ष में नौ घायल

रुड़की। प्रतापपुर में 2 परिवारों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद दोनों तरफ के लोग लाठी, डंडे और धारदार हथियार लेकर एक दूसरे से भिड़ गए। पौने घंटे चले भीषण संघर्ष में दोनों पक्षों के नौ लोग घायल हुए हैं। पुलिस घायलों का मेडिकल कर रही है। मंगलवार शाम को लक्सर कोतवाली की रायसी चौकी क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी धीर सिंह व उसके भाई संजय के परिवार के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। बाद में इसे लेकर मामला बढ़ गया, और दोनों परिवार के 15–20 लोग लाठियां, डंडे तथा धारदार हथियार लेकर आपस में झगड़ा करने लगे। लगभग पौने घंटे तक दोनो पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। इसमें एक तरफ से धीरसिंह, उसका बेटा दीपक, पत्नी सुशीला, मां संती देवी और दूसरे पक्ष के संजय, उसका बेटा यंकेश, मुकेश, जातिराम व अंजू रानी को काफी चोट लगी। दोनों तरफ के लोग एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप भी लगा रहे हैं। इस दौरान चीख पुकार मची तो अन्य ग्रामीणों ने वहां पहुंचकर किसी तरह झगड़ा शांत किया, साथ ही चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों तरफ से घायल लोगों को लक्सर सीएचसी भेज दिया। चौकी प्रभारी एसआई कमलकांत रतूड़ी ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है। इसके बाद अगर तहरीर मिलेगी, तो मुकदमा दर्ज कर मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

### गांजे संग पकड़े दो अभियुक्तों को 4–4 वर्ष का कठोर कारावास

रुद्रपुर। वर्ष 2016 में काशीपुर क्षेत्र में 10.720 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किए गए दो अभियुक्तों को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने उसे चार–चार वर्ष का कठोर कारावास और 40–40 हजार रुपये का अर्थदंड किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार अरोड़ा ने बताया कि 27 मार्च 2016 को थाना काशीपुर के एसआई बीएस बिष्ट रात्रि गश्त पर थे। इस दौरान जसपुर बस अड्डा मुरादाबाद रोड ढेला पुल के पास बाइक से रतनपुरा ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी गुड्डू और बृज पाल आते दिखाई दिए। इन्हें रोककर तलाशी लेने पर इनके कब्जे से 10.720 किलो गांजा बरामद किया गया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से इन्हें जेल भेज दिया था। वहीं इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत में हुई। इस दौरान एडीजीसी दीपक कुमार ने अदालत के सामने आठ गवाह पेश किए।

हरियाणा में झूठ की घुट्टी पर विकास की गारंटी पड़ी भारी

## वोट शेयर के हिसाब से जम्मू कश्मीर में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी : पीएम मोदी



नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत और जम्मू कश्मीर में पार्टी का जनाधार बढने के उपलक्ष्य में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित आभार कार्यक्रम में दोनों राज्यों की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज नवरात्रि का छठा दिन और मां कात्यायनी की आराधना का दिन है। मां कात्यायनी शेर पर विराजमान होकर हाथ में कमल को धारण किए हुए हम सभी को आशीर्वाद दे रही हैं। ऐसे पावन दिन हरियाणा में तीसरी बार लगातार कमल खिला है। हरियाणा के लोगों ने फिर कमाल कर दिया और कमल–कमल कर दिया है। गीता की धरती पर सत्य, विकास और सुशासन की जीत हुई है। हर जाति, हर वर्ग के लोगों ने भाजपा को वोट दिया है।

वहीं जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबसे ज्यादा वोट मिलने की उपलब्धि का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार शांतिपूर्वक चुनाव हुए, वोटों की गिनती हुई, नतीजे आए। ये भारत के संविधान की जीत है, भारत के लोकतंत्र की जीत है। जम्मू–कश्मीर में जितनी भी पार्टियां चुनाव लड़ रही थीं, उनमें वोट शेयर के हिसाब से भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने चुनाव जीतने वाले सभी उम्मीदवारों को और दोनों राज्यों के मतदाताओं को बधाई देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके तप और तपस्या के लिए नमन भी किया। हरियाणा की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा में अब तक 13 चुनाव हुए हैं। इनमें से 10 चुनाव में हरियाणा के लोगों ने हर 5 साल के बाद सरकार बदली। लेकिन इस बार हरियाणा के लोगों ने जो किया है, वो अभूतपूर्व है।

### जमीन न होने के बावजूद रजिस्ट्री कर हड़प लिए 14.75 लाख

देहरादून। मौके पर जमीन नहीं होने के बावजूद फर्जीवाड़े से रजिस्ट्री कर एक व्यक्ति से 14.75 लाख रूपये हड़प लिए गए। फर्जीवाड़ा का खुलासा उस वक्त जब दाखिल खारिज के दौरान क्षेत्रीय पटवारी ने बताया कि आरोपी के मौके पर जमीन उपलब्ध नहीं है। पीड़ित जमीन मालिक और दो प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ पटेलनगर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि अंजू देवी निवासी सिला, तहसील लैंसडौन जिला पौड़ी ने तहरीर दी। तहरीर में धीरज शर्मा निवासी पुष्पांजलि एंक्लेव, जीएमएस रोड, प्रॉपर्टी डीलर महेंद्र रावल और प्रॉपर्टी डीलर राकेश सती को आरोपी बनाया गया है। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2019 में ईस्ट होप टाउन में धीरज शर्मा से जमीन खरीदी थी। आरोपी ने 15.75 लाख रूपये रजिस्ट्री कर दी। जब जमीन के दाखिल–खारिज के लिए आवेदन किया गया, तो जांच में पता चला कि धीरज शर्मा के नाम पर कोई भूमि नहीं है। इस खुलासे के बाद अंजू देवी ने धीरज से अपने पैसे वापस मांगे। उन्हें केवल 1 लाख लौटाए गए। शेष 14.75 लाख की रकम धीरज शर्मा द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही है। पीड़िता के अनुसार डील में दोनों प्रॉपर्टी भी शामिल थे। फर्जीवाड़ा होने पर उनसे संपर्क किया। आरोपियों ने भी कोई मदद नहीं की। अंजू देवी ने कहा कि राकेश सती ने उनसे ब्याज समेत पैसे भी देने का वादा किया था। अब तक कुछ नहीं मिला है। इंस्पेक्टर केके लुंठी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## उत्तराखण्ड में 28 जनवरी से शुरू होगें 8वें राष्ट्रीय खेल



**जयन्त प्रतिनिधि।देहरादून :** 8वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखण्ड में होंगे। 25 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आम सभा की बैठक में इसका पूरा कार्यक्रम जारी किया जायेगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ ही विंटर नेशनल गेम का आयोजन भी उत्तराखण्ड में किया जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पी.टी उषा से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि उत्तराखण्ड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की जिम्मेदारी मिली है, इसके लिए उन्होंने भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पी.टी उषा का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें श्री बद्रीनाथ और श्री केदारनाथ के दर्शन के लिए भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए उत्तराखण्ड पूरी तरह से तैयार है। राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य में काफी इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भव्य तरीके से किया जायेगा। जिन राज्यों में पिछले राष्ट्रीय खेल हुए हैं, उनके अनुभवों के आधार पर भी राज्य में और अच्छे तरह से खेलों के आयोजन के लिए कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि उत्तराखण्ड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अभी तक हुए राष्ट्रीय खेलों से बेहतर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों की अच्छी व्यवस्था के साथ ही खिलाड़ियों और देश भर से आने वाले लोगों के लिए उत्तराखण्ड में होने वाले राष्ट्रीय खेल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेल के आयोजन से यहां के लोगों का मनोबल और प्रोत्साहन भी बढ़ेगा। उत्तराखण्ड को राष्ट्रीय खेलों के माध्यम से एक अच्छा मंच मिलेगा। हमारे उदीयमान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अच्छा अवसर मिलेगा। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा एवं स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा भी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने खटखटाया चुनाव आयोग का दरवाजा, रिजल्ट अपडेट्स को लेकर शिकायत



नई दिल्ली ,हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना के बीच कांग्रेस ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया कि आयोग अपने अधिकारियों को वेबसाइट को सच्चे और सटीक आंकड़ों के साथ अपडेट करने के लिए तत्काल निर्देश जारी करे ताकि झूठी खबरों और दुर्भावनापूर्ण बयानों का तुरंत मुकाबला किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रक्रिया मतदाताओं के अधिकारों का हनन कर रही है और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित कर रही है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय व्यक्त की।

उन्होंने कहा, ये ट्रेंड बदलेगा, चुनाव आयोग की वेबसाइट डेटा अपडेट नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, हम ज्ञापन पेश करके शिकायत कर रहे हैं और हम उम्मीद करते हैं कि आयोग हमारे सवालों का जवाब दे क्योंकि 11–12 राउंड के नतीजे आ चुके हैं लेकिन जो अपडेट किया गया है उसमें केवल 4 से 5 राउंड के नतीजों को दिखाया जा रहा है।

ऐसा लोकसभा चुनाव में भी हुआ था, हम उम्मीद करते हैं की चुनाव आयोग जो एक संवैधानिक संस्था है, निष्पक्ष संस्था है वो प्रशासन पर दबाव न बनाए, हताश होने की कोई जरूरत नहीं है, निराश होने की जरूरत नहीं है। ये सब माइंड गेम है, हमें जनादेश मिलने वाला है, कांग्रेस की सरकार बनने वाली है।

### चुनाव आयोग का कांग्रेस को जवाब, कहा– आपका आरोप बेबुनियाद

नई दिल्ली । हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। शुरुआती रुझानों में बढ़त मिलने के बाद कांग्रेस पार्टी पिछड़ गई है, जबकि भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर हरियाणा विधानसभा की मतगणना को लेकर सवाल खड़े किए हैं। इस पर चुनाव आयोग ने अपना जवाब दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोपों पर अब चुनाव आयोग ने पत्र लिखकर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 25 राउंड की मतगणना हर पांच मिनट में अपडेट की जा रही है, जो मतगणना प्रक्रिया के तेजी को दर्शाती है। ऐसे में आयोग गैर–जिम्मेदाराना, निराधार और बिना सोचे–समझे गलत बयानी करने के आपके आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। उन्होंने कहा, हरियाणा चुनाव के नतीजों को अपडेट करने में देरी के उनके बेबुनियाद आरोप को साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है। आपके ज्ञापन में हरियाणा या जम्मू–कश्मीर के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में देरी के बारे में भी कोई तथ्य नहीं है। आयोग ने कहा किनिर्धारित मतगणना केंद्रों पर नियमों के तहत मतगणना की जा रही है। हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में पूरी मतगणना प्रक्रिया नियमों के अनुसार, उम्मीदवारों, पर्यवेक्षकों और माइक्रो–पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में हो रही है।

### चुनाव हारने पर ईवीएम को दोष देना कांग्रेस की आदत : जीतन राम मांझी

नई दिल्ली ,हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला है। भाजपा लगातार तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाने में कामयाब रही है। भाजपा जहां इस जीत से गदगद है, वहीं कांग्रेस ने हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम आने पर बुधवार को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बात की। उन्होंने कहा, हरियाणा में भाजपा की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को जाता है। मैं उनकी नीति की सराहना करता हूं। यहां की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के साथ है। कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव हार के बाद चुनाव आयोग और ईवीएम पर सवाल खड़े किए। इस पर पलटवार करते हुए जीतन राम मांझी ने कहा, कर्नाटक में ईवीएम सही था। जम्मू–कश्मीर में गठबंधन की सरकार बन रही है, वहां भी ईवीएम ठीक है। हरियाणा में चूंकि कांग्रेस हार गई तो ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा जा रहा है। कांग्रेस के नेचर में है कि जहां जीतते हैं, वहां चुप रहना और जहां हारते हैं, वहां ईवीएम को लेकर बहाने ढूंढ़ते हैं।

### एजाज खान की मुश्किलें बढ़ीं

## एक्टर के ऑफिस में कस्टम डिपार्टमेंट ने मारा छापा



मुंबई ,एक्टर एजाज खान एक बार फिर कानूनी पचड़े में फंसते नजर आ रहे हैं। एक्टर का विवादों से पुराना नाता रहा है और ये सभी जानते हैं। 2023 में एजाज 2021 के एक ड्रग केस के चलते हिरासत में लिए गए थे, लेकिन फिर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। लेकिन, अब एक्टर एक और मुश्किल में फंस गए हैं। मुंबई कस्टम की स्पेशल पोस्टल इंटेलिजेंस ब्रांच ने यूरोपीय देश से आने वाली एक कंसाइनमेंट को ट्रैक किया और पता चला कि ये कंसाइनमेंट इसे वीरा देसाई इंडस्ट्रियल एस्टेट में एजाज खान के ऑफिस में पहुंचाया गया है। इसके बाद अभिनेता एजाज खान एक बार फिर कथित नशीली दवाओं के मामले में फंस गए हैं।

प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार अभिनेता एजाज खान के मुंबई में अंधेरी स्थित ऑफिस में कस्टम डिपार्टमेंट की तरफ से सर्च किया गया। दरअसल, एजाज खान के एक स्टाफ मेंबर को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया जिसके बाद कस्टम डिपार्टमेंट की तरफ से यह सर्च कंडक्ट की गई। कस्टम डिपार्टमेंट के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एजाज खान के जिस स्टाफ मेंबर ने लगभग 100 ग्राम रूष्ठ ऑर्डर की वह उन्हीं के दफ्तर के पते पर था। यह ड्रग यूरोप से मंगाया गया था। जिसकी कीमत लगभग 30 से 35 लाख के आसपास बताई जा रही है।

हरियाणा में बसपा जीरो पर आउट

## मायावती बोलीं –जाट बदलें अपनी जातिवादी मानसिकता



लखनऊ, लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) जीरो पर आउट हुई है। इसे लेकर बसपा मुखिया मायावती ने इसके लिए जाट समाज को जिम्मेदार ठराया है। उन्होंने कहा कि यूपी की तरह हरियाणा के जाट समुदाय को भी अपनी जातिवादी मानसिकता को बदलना चाहिए। बसपा मुखिया मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव बीएसपी व इनेलो ने गठबंधन करके लड़ा, लेकिन आज आए परिणाम से स्पष्ट है कि जाट समाज के जातिवादी लोगों ने बीएसपी को वोट नहीं दिया, इससे बीएसपी के उम्मीदवार कुछ सीटों पर थोड़े वोटों के अंतर से हार गए, हालांकि बीएसपी का पूरा वोट ट्रांसफर हुआ। उन्होंने कहा कि यूपी के जाट समाज के लोगों ने अपनी जातिवादी मानसिकता को काफी हद तक बदला है और वे बीएसपी से एमएलए तथा सरकार में मंत्री भी बने हैं। हरियाणा प्रदेश के जाट समाज के लोगों को भी उनके पदचिन्हों पर चलकर अपनी जातिवादी मानसिकता को जरूर बदलना चाहिए।

मायावती ने कहा कि मैं बीएसपी के लोगों द्वारा पूरी दमदारी के साथ यह चुनाव लडने के लिए उनका हार्दिक आभार प्रकट करती हूं व आश्वस्त करती हूं कि उनकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। लोगों को निराश नहीं होना है और न ही हिम्मत हारनी है, बल्कि अपना रास्ता खुद बनाने के लिए तत्पर रहना है, नया रास्ता निकलेगा।

### ट्रेनी डॉक्टर का नहीं हुआ था गैंगरेप, संजय रॉय ने अकेले ही वारदात को दिया था अंजाम

कोलकाता , कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में एक नया मोड़ आया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। बता दें, 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में महिला डॉक्टर के साथ यह भयानक घटना हुई थी। हालांकि, शुरू में पुलिस ने इस मामले को आत्महत्या का मामला बताने की कोशिश की थी. लेकिन, बाद में जब मामला विवादों में आया तो पता चला कि डॉक्टर के साथ बलात्कार किया गया था। सीबीआई के अनुसार, संजय रॉय अस्पताल में स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करता था। आरोप पत्र में सीबीआई ने कहा है कि रॉय ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया था। हालांकि, जांच एजेंसी इस मामले में अभी भी जांच कर रही है। इस बीच, ट्रेनी डॉक्टर को इंसाफ दिलाने के लिए शनिवार शाम से आरजी कर अस्पताल में डॉक्टरों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पश्चिम बंगाल की ह्यममता सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं कीं।

## उमर अब्दुल्ला होंगे जम्मू-कश्मीर के नए सीएम

### नौशेरा में हार के बाद रविंद्र रैना ने बीजेपी अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

श्रीनगर ,जम्मू–कश्मीर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को बहुमत प्राप्त हुआ है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने इस जनादेश के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की है कि उमर अब्दुल्ला राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने अपने वोट के माध्यम से यह संदेश दिया है कि वे 5 अगस्त 2019 के फैसले (धारा 370 हटाने) को स्वीकार नहीं करते हैं। फारूक अब्दुल्ला ने बेरोजगारी, महंगाई और नशे के कारोबार के खिलाफ कार्यवाही करने का भी आश्वासन दिया। उमर अब्दुल्ला ने बडगाम और गांदरबल दोनों सीटों पर जीत हासिल की है, जिससे नेशनल कॉन्फ्रेंस चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इस चुनाव में बीजेपी ने 29 सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस के खाते में 6 सीटें आई हैं। महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी ने 3 सीटों पर जीत दर्ज की, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती को हार का सामना करना पड़ा।



**रविंद्र रैना ने जम्मू कश्मीर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा**

रविंद्र रैना ने जम्मू कश्मीर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है वो नौशेरा से बीजेपी प्रत्याशी थे वहां पर हार के बाद रविंद्र रैना ने इस्तीफा दिया है। बता दें कि रविंद्र रैना नौशेरा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और उन्होंने रिजल्ट से पहले खुद की जीत का भी ऐलान कर दिया था पर परिणाम अब उनके पक्ष में नहीं आए। वहीं काउंटिंग से पहले रविंद्र रैना ने यह भी दावा किया था कि कश्मीर में कम से कम 15–16 निर्दलीय उम्मीदवार ऐसे हैं, जो जीतने के बाद भाजपा को अपना समर्थन देंगे और कहा था कि जम्मू–कश्मीर में दैवीय शक्तियों की जीत होंगी। गौर हो कि आर्टिकल 370 हटाए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटे जाने के बाद जम्मू–कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव हुए। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए तीन चरणों में चुनाव कराए गए थे। सभी सीटों के लिए मंगलवार 8 अक्टूबर को मतगणना हुई।

## यूपी में मखाना की खेती को प्रोत्साहन देगी योगी सरकार

### प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपए का अनुदान



गोरखपुर ,उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत मखाना की खेती करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। यह कदम विशेष रूप से पूर्वांचल के उन क्षेत्रों के लिए है, जहां की जलवायु बिहार के मिथिलांचल के समान है, जो मखाना की खेती के लिए उपयुक्त मानी जाती है।

देवरिया जिले में गत वर्ष से मखाना की खेती का प्रयोग शुरू हो चुका है। इस साल गोरखपुर, कुशीनगर और महाराजगंज जिलों में 33 हेक्टेयर मखाना की खेती करने का लक्ष्य रखा गया है।

वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, गोरखपुर मंडल की जलवायु मखाना उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त है। मखाना की खेती उन क्षेत्रों में अधिक फायदेमंद होती है, जहां खेतों में जलभराव की स्थिति होती है। गोरखपुर मंडल में तालाबों की अच्छी संख्या और लो लैंड एरिया में बारिश का पानी काफी समय तक भरा रहता है, जिससे यहां के किसान मखाना की खेती से अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। सरकार ने मखाना की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया है। एक हेक्टेयर में मखाना की खेती करने में लगभग एक लाख रुपए की लागत आती है, जिससे अनुदान की राशि किसानों की लागत का 40 प्रतिशत कवर करेगी। एक हेक्टेयर में मखाना की औसत पैदावार 25 से 29 क्विंटल होती है और वर्तमान में इसकी कीमत एक हजार रुपए प्रति किलो है। मखाना की खेती तालाब या औसतन तीन फीट पानी भरे खेत में होती है। मखाना की नर्सरी नवंबर में लगाई जाती है और इसकी रोपाई चार महीने बाद फरवरी–मार्च में होती है। रोपाई के लगभग पांच महीने बाद पौधों में फूल लगने लगते हैं और अक्टूबर–नवंबर में कटाई शुरू होती है। नर्सरी से लेकर कटाई तक लगभग दस महीने का समय लगता है। यह खेती विशेष रूप से उन किसानों के लिए लाभकारी है, जो पहले से ही अपने तालाबों में मछली पालन कर रहे हैं।

### जलेबी को हासिल करने के लिए मेहनत भी करनी पड़ती है : सीएम मोहन यादव

भोपाल , मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया दी। सीएम मोहन यादव ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि भाजपा एक बार फिर हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, भाजपा ने हरियाणा के विकास को लेकर अपना जो संकल्प पत्र जारी किया था, जिसमें किसान, खिलाड़ी और ह्यसबका साथ–सबका विकासह्व की बात कही गई थी। आज हरियाणा में मिली जीत इसी बात का प्रमाण है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन पार्टी को मिलता है और उनके मार्गदर्शन में भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है।

## त्योहारों की वजह से बाजारों में रौनक बढ़ी



रुड़की। दुर्गा अष्ठमी, दशहरा और करवा चौथ आदि त्योहारों की वजह से बाजारों ने रौनक बढ़ गई है। दुकानदारों ने त्योहारों पर अच्छे व्यापार के लिए पहले ही सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। माता के भक्त बाजारों में पहुंचकर कन्या पूजन, देवी पूजन और हवन पूजन आदि के लिए सामानों की खरीदरी कर रहे हैं। इसके साथ ही वाहनों की भी खूब बिक्री हो रही है। नए सत्र के लिए व्यापारियों ने भी तैयारियां शुरू कर दीं। नवरात्र शुरू होने के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। नवरात्र में दुर्गा अष्ठमी, नवमी के तुरंत बाद दशहरा मनाया जाएगा। इसके बाद करवा चौथ, अहोई अष्ठमी और दिपावली का त्योहार भी नजदीक ही है। ऐसे में बाजारों में भी त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। दुर्गा अष्ठमी, नवमी और दशहरे के लिए बाजार सज चुके हैं। ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकारदारों की ओर से तमाम तरह के ऑफर दिए जा रहे हैं।

## एक नजर

### दुर्गा अष्टमी पर मेला 11 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : यमकेश्वर प्रखंड के अंतर्गत शक्तिपीठ माता श्याम सुंदरी मंदिर डंडा मल्ला उदयपुर में दुर्गा अष्टमी मेले का आयोजन 11 अक्टूबर को किया जाएगा।

जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष रूपचंद्र लखेड़ा ने बताया कि प्राचीन परंपरा के अनुसार गुरुवार सप्तमी को गांव रिखेड़ा से माता का निशान बंचूरी गांव होते हुए माता के मंदिर पहुंचेगा।

अष्टमी को माता के मंदिर में निशान पूजन, पूजा चक्र, हवन पूजन किया जाएगा। माता श्याम सुंदरी मंदिर वर्तमान में तीन ओर से बिथ्याणी, कस्याली और रिखेड़ा गांव से सड़क मार्ग जुड़ चुका हैं। अष्टमी के दिन मंदिर में विशाल भंडारे का भी आयोजन भी किया जायेगा।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन का चुनाव 13 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वरिष्ठ नागरिक संगठन के द्विवार्षिक चुनाव 13 अक्तूबर को होंगे। बुधवार को यह जानकारी संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष पीएल खंतवाल ने दी।

बताया कि संगठन द्वारा नामित चुनाव अधिकारी जयवीर सिंह रावत और सहायक चुनाव अधिकारी चित्रमणी देवलियाल की देखरेख में चुनाव संपन्न होंगे। संगठन के अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव होंगे। तत्पश्चात संगठन की वार्षिक बैठक भी होगी। बताया कि सारा कार्यक्रम व्यापार मंडल सभागार में होगा।

### प्रतियोगिता 15 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा राज्य की द्वितीय भाषा संस्कृत के प्रचार प्रसार हेतु संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृत प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विकासखंड एकेश्वर के विद्यालयों की प्रतियोगिताओं का आयोजन 15 और 16 अक्तूबर को अटल आदर्श राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज नौगांवखाल में होगा। बुधवार को यह जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के खंड संयोजक गणेश पसबोला ने दी।

### सड़क को क्षतिग्रस्त छोड़ने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद डबराल ने पेयजल लाइन बिछाने के नाम पर बनी सड़कों को क्षतिग्रस्त कर छोड़ने पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत भी तत्काल करने की मांग की है।

इस संबंध में बुधवार को नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इस समय नगर निगम के अंतर्गत सुखरौ क्षेत्र के बलभद्रपुर, शिब्बूनगर और रतनपुर में पेयजल लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है।

पेयजल लाइनों को बिछाने के लिए करोड़ों की लागत से बनी सड़कों को तोड़ा जा रहा है। सड़कों को तोड़ने के बाद कार्यदायी संस्था द्वारा सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है। इस कारण स्थानीय जनता को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने नगर आयुक्त से सड़कों की मरम्मत के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देशित करने की मांग की है।

# शादियों के सीजन में लाल हुआ टमाटर, आसमान छू रहे सब्जी के दाम



बाजार में लगी सब्जी की दुकान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शादी के सीजन में टमाटर महंगाई से लाल हो गया है। प्रतिदिन बाजार में टमाटर के बढ़े हुए दाम आ रहे हैं। टमाटर के साथ ही धनिया, हरी मिर्च व प्याज जैसी जरूरी चीजों के दाम आसमान छूने लगे हैं।

एक समय था जब सब्जी खरीदने पर सब्जी विक्रेता धनिया-मिर्च मुफ्त में देता था। लेकिन, आज यदि सब्जी के साथ मुफ्त का धनिया-मिर्च मांगा तो सब्जी विक्रेता आग-बबूला हो रहे हैं। दरअसल, धनिया-मिर्च की कीमतें इन दिनों आसमान छू रही हैं। सिर्फ धनिया-मिर्च ही नहीं, टमाटर भी इन दिनों सुर्ख लाल हो रखा है। बाजार में टमाटर सत्तर से अस्सी रूपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिक रहा है। सप्ताह भर पहले तक यह टमाटर तीस-चालीस रूपए प्रति किलोग्राम बिक रहा था। थोक मंडी में ही व्यापारियों को टमाटर साठ से सत्तर रूपए प्रति किलोग्राम के भाव पड़ रहा है। बात लहसुन की करें तो कई सब्जी विक्रेताओं ने लहसुन अपने प्रतिष्ठानों में रखना ही छोड़ दिया है। दरअसल, लहसुन की कीमत चार-पांच सौ रूपए प्रति किलोग्राम हो रखी है। नींबू की कीमतें भी उछाल मार गई हैं व बाजार में नींबू दो सौ रूपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि बाहर से ही टमाटर सहित कुछ सब्जियों के भाव बढ़े आ रहे हैं।

ऐसे में कीमतों का असर ग्राहक पर पड़ रहा है। गृहणी रचना देवी, प्रीति रावत, पुष्पा नेगी ने बताया कि टमाटर की कीमतें बढ़ने से थाली में सब्जी की रंगत फीकी पड़ रही है। बताया कि वे बाजार में मिलने वाली टमाटर की प्यूरी से सब्जी को रंगत दे रही हैं। सब्जी विक्रेता शरीफ अहमद ने बताया कि मंडी में ही टमाटर, धनिया, मिर्च महंगे दामों पर आ रहे हैं।

**यह है बाजार में सब्जियों की कीमतें**

| सब्जी | सप्ताह भर पूर्व | वर्तमान कीमत |
|---|---|---|
| टमाटर | 40–50 | 70-80 |
| बीन्स | 80 | 120 |
| शिमला मिर्च | 120 | 160 |
| नींबू | 120 | 200 |
| धनिया | 400 | 450 |
| पालक | 50 | 80 |
| हरी मिर्च | 80 | 100 |
| पत्ता गोभी | 30 | 50 |

# मतदान सूची में गड़बड़ी पर जताया रोष, सुधार की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उत्तराखंड क्रांति दल ने स्थानीय निकाय निर्वाचक नामावली में प्रकाशित मतदान सूची में गड़बड़ी पर रोष व्यक्त किया है। दल ने जिलाधिकारी से सूची में सुधार की मांग की है।

निंबूचौड़ स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। कहा कि गड़बड़ी के कारण मतदाता नगर निगम के पार्षद, मेयर के चुनाव में मतदान करने और चुनाव में भाग लेने से वंचित रह जाएंगे। उत्तराखंड क्रांति दल ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि मतदाता सूची की गड़बडी को दूर किया जाए। जिससे सभी मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकें और जिस भी अधिकारी कर्मचारी ने मतदाता सूची को गलत बनाया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। यूकेडी ने शिकायत कि है कि निगम के वार्ड नंबर 30 में मतदान स्थल से संबंध मोहल्ला (पूर्व ग्राम मवाकोट) के मतदाता क्रम संख्या 3475 से लेकर 3489 तक के नाम नंदपुर मोहल्ला में जोड़ दिये गये हैं।

इसी प्रकार नगर निगम कार्यालय में आपत्ति दर्ज करने के बाद भी इस प्रकार की त्रुटियां पाई जा रही हैं। यूकेडी ने मांग की है कि इन मतदाताओं का नाम नंदपुर से हटकर मावाकोट की सूची में जोड़ा जाए। यदि नगर निगम आयुक्त द्वारा यह कार्रवाई अविलंब नहीं की गयी तो उत्तराखंड क्रांति दल आंदोलन को मजबूर होगा। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत, महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत, केन्द्रीय महामंत्री सत्य प्रकाश भारद्वाज, केन्द्रीय संगठन मंत्री हरीश द्विवेदी, उपाध्यक्ष राजेंद्र पंत, विनोद चौधरी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सतपाल सिंह नेगी, रामचंद्र सिंह नेगी, मेहरबान सिंह नेगी, ओमप्रकाश सेलवाल, असीमा रावत, गुड्डी देवी, मनमोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

# बच्चें स्काउट गाइड के सिद्धांतों और संस्कारों को अपनाएं

### उत्तराखंड भारत स्काउट गाइड की जनपद स्तरीय तृतीय जांच सोपान शिविर सम्पन्न



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** उत्तराखंड भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में तीन दिवसीय जनपद स्तरीय तृतीय जांच सोपान रैली/शिविर का विधिवत समापन हो गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी विवेक पंवार ने बच्चों को स्काउट गाइड के सिद्धांतों और संस्कारों को अपनाते हुए अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने हेतु प्रोत्साहित किया।उक्त जांच सोपान शिविर में ब्लॉक सचिव प्रदीप सिंह ने बताया की तृतीय जांच सोपान परीक्षा में प्रथम व द्वितीय सोपान की गतिविधियां जैसे-कंपास की जानकारी, नक्शा बनाना, पायनियरिंग, कैंप क्राफ्ट, बीपी-6 एवं स्वास्थ्य के नियम, गांठे एवं बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, वर्दी, नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, प्रार्थना, झंडा गीत, आंदोलन की जानकारी, बायां हाथ मिलाना, स्काउट चिन्ह, दक्षता पदक विवरण आदि का परीक्षण किया जाता है। डॉ. सत्येंद्र सेमवाल द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई गई। केशर सिंह असवाल ने स्काउट गाइड आंदोलन में थलीसैंण विकासखंड की भूमिका और योगदान की सराहना की। उक्त सोपान रैली में विकासखंड के लगभग 130 स्काउट एवं गाइड द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर जिला सचिव केशर सिंह असवाल, प्रधानाचार्य/संयोजक राइका थलीसैंण प्रकाश चंद्र ढौंडियाल, ब्लॉक सचिव प्रदीप सिंह, स्वच्छता समिति के ब्रांड एंबेसडर डॉ. सत्येंद्र सेमवाल, वरिष्ठ पत्रकार आशाराम पोखरियाल, जिला समन्वयक स्काउट आशीष नेगी, विकासखंड के सभी स्काउट मास्टर्स और गाइड कैप्टन उपस्थित रहे।

### भुवनेश्वरी मंदिर में छात्रों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सिद्धपीठ मां भुवनेश्वरी मंदिर में नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। महिला मंडलियों ने इस दौरान मंदिर परिसर में भजन कीर्तन भी किए। इसके साथ ही परिवर्तन पब्लिक स्कूल कांडा और पलोटा के छात्र-छात्राओं ने शानदार रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सिद्धपीठ भुवनेश्वरी में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सातवें दिन कालरात्रि के पूजन में आस-पास के गांवों के साथ ही दूरदराज से आएं श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर समिति द्वारा कीर्तन प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इसमें आस्था कीर्तन मंडली पौडी, हर-हर महादेव मंडली पौडी, नागराजा कीर्तन मंडली जामरी, कीर्तन मंडली कांडा, झालीमाली मंडली पौडी, कीर्तन मंडली कोट हंस कीर्तन मंडली पौड़ी आदि ने प्रतिभाग किया। मध्याह्न में सभी श्रद्धालुओं ने धूयेल में हिस्सा लिया। बिग्रेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत स्कूल के छात्रों ने धार्मिक स्थलों के बारे में श्रद्धालुओं को बताया। श्रद्धालुओं के लिए यहां विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# पुलिस ने करवाई काउंसलिंग, नशा न करने का दिलाया संकल्प



कोतवाली में युवाओं की काउंसलिंग करती पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नशे के जाल में फंसे युवाओं का जीवन सुधारने के लिए पुलिस उनकी काउंसलिंग करवा रही है। इस दौरान पुलिस ने युवाओं को नशा न करने का भी संकल्प दिलवाया। कहा कि नशा धन के साथ ही परिवारों को भी बर्बाद कर देता है।

कोतवाली में आयोजित कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने बेस चिकित्सालय के चिकित्सकों के साथ मिलकर युवाओं की काउंसलिंग करवाई। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हम सभी को इसके लिए एकजुट होकर अभियान चलाना चाहिए। कहा कि पुलिस शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत समय-समय पर अभियान भी चलाए जाते हैं। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने बेहतर भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। कहा कि यदि मन में दृढ इच्छा हो तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता। इस मौके पर मनोचिकित्सक डा. हिमांशु ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# नाटक प्रतियोगिता में जीआईसी कोटद्वार रहा अव्वल

### समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित किया गया विज्ञान महोत्सव



कोटद्वार में आयोजित विज्ञान महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए माडल्स देखते अतिथि।

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज सुखरो में विकासखंड स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नाटक प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी अनीता आर्य, खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद, प्रधानाचार्य रवींद्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में खाद्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता माडल विषय पर कृष्णा रमोला प्रथम, उज्ज्वल लखेड़ा द्वितीय व अजय सिंह नेगी तृतीय रहे, जबकि जूनियर वर्ग में अक्ष भंडारी प्रथम, मीना द्वितीय व सूफियान तृतीय रहे। परिवहन एवं संचार विषय के सीनियर वर्ग में रणजीत प्रथम, दिया नेगी द्वितीय व आदित्य तृतीय रहे। जबकि जूनियर वर्ग में गर्व शर्मा प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय व आदित्य तृतीय रहे। प्राकृतिक खेती विषय में सीनियर वर्ग में रूपेश सैनी प्रथम, मो. हजैक द्वितीय व शिवानी तृतीय रहे। जबकि जूनियर वर्ग में गौरव प्रथम, अंशिका द्वितीय व अंश तृतीय रहे। आपदा प्रबंधन विषय के सीनियर वर्ग में अमित कुमार प्रथम, कार्तिक द्वितीय व पीयूष तृतीय रहे। जबकि जूनियर वर्ग में सूरज प्रथम, मयंक द्वितीय व जुनेर तृतीय रहे। गणितीय प्रतिरूपण एवं संगणात्मक चिंतन विषय के सीनियर वर्ग में तनवी प्रथम, शिखा द्वितीय व प्रियांशी तृतीय रहे। जबकि जूनियर वर्ग में मयंक प्रथम, रोहित द्वितीय व आदित्य तृतीय रहे। कचरा प्रबंधन विषय के सीनियर वर्ग में फैजान प्रथम, दिव्यांशु द्वितीय व सौरभ तृतीय रहे। जबकि जूनियर वर्ग में सादाब प्रथम, संजना द्वितीय व आरूषी तृतीय रहे। संसाधन प्रबंधन विषय के सीनियर वर्ग में जसप्रीत कौर प्रथम, अमरदीप द्वितीय व अक्षित तृतीय रहे। जबकि जूनियर वर्ग में हषित ने प्रथम, कीर्तिका द्वितीय व अर्चना तृतीय रही। इस मौके पर विज्ञान विषय पर नाटक प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई गई। जिसमें राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पदमपुर द्वितीय व कन्या इंटर कालेज कोटद्वार तृतीय रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य ने शील्ड व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर ब्लॉक विज्ञान समन्वयक महेंद्र सिंह राणा, विज्ञान सह समन्वयक रश्मि रावत, रूपेश कुकरेती, संजय रावत, धीरेंद्र राणा, गणेश डोबरियाल, प्रदीप नेगी आदि मौजूद थे।

# 16 अक्टूबर को गुरिल्ला करेंगे आयुक्त कार्यालय का घेराव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** एसएसबी गुरिल्ला संगठन पौड़ी की बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 अक्तूबर को समस्याओं के हल की मांग को लेकर आयुक्त गढ़वाल का घेराव किया जाएगा।बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नौकरी, पेंशन व आश्रित हित लाभ को लेकर केंद्र व राज्य सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। जिससे गुरिल्लाओं में नाराजगी बनी हुई है। बुधवार को पौड़ी में आयोजित संगठन की बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले 18 सालों से केंद्र व राज्य सरकार गुरिल्लाओं की नौकरी, पेंशन व आश्रित हितलाभ, राज्यसरकार द्वारा पीआरडी, वन विभाग, होमगार्ड, लोनिवि आदि विभागों में नियुक्ति देने संबंधी योजना पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे संगठन से जुड़े गुरिल्लाओं में नाराजगी बनी हुई है। बैठक में जिलाध्यक्ष मान सिंह नेगी, उपाध्यक्ष आदित्य प्रसाद, अजय वेदवाल, महावीर सिंह, कुंदन सिंह राणा आदि शामिल थे।

# घुड़दौड़ी कॉलेज के नए निदेशक ने संभाला कार्यभार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी को लंबे समय बाद स्थाई निदेशक मिल गया। शासन से कॉलेज के निदेशक पद तैनाती के बाद नव नियुक्त प्रो. आकाश सक्सेना ने बुधवार शाम को घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर विधिवत निदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व बीते मई 2023 से इस पद का कार्यभार बतौर प्रभारी निदेशक डॉ. वीएन काला संभाल रहे थे। बुधवार को डॉ. काला से प्रो. सक्सेना ने कार्यभार लिया। इस मौके पर उन्होंने स्टाफ के साथ बैठक कर जानकारी भी ली।

**खोया-पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पोस्ट ऑफिस कोटद्वार का लाइसेंस नंबर 709/2015-2016 वास्तव में कही खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा।

**बीना देवी पत्नी मनोज नेगी, निवासी ग्राम/पोस्ट पदमपुर सुखरौ, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0488/21)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पिताजी का नाम भूलवश PRADEEP THAPLIYAL एवं मेरी माताजी का नाम SHOBHA THAPLIYAL दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरे पिताजी का सही व वास्तविक नाम PRADEEP एवं मेरी माताजी का सही नाम SHOBHA DEVI है।

अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पिताजी का सही व वास्तविक नाम PRADEEP एवं मेरी माताजी का सही नाम SHOBHA DEVI लिखा/पढ़ा जाय।

**No-14951680A SEP RAHUL THAPLIYAL S/o PRADEEP निवासी बिशनपुर, पोस्ट कुम्भीचौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0489/21)

# फिश एंगलिंग फेस्टिवल से नयार नदी घाटी व व्यास घाटी को विश्व मानचित्र पर मिलेगी पहचान : डीएम

**23 से 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगा फिश एंगलिंग फेस्टिवल,तीन दिवसीय फिश एंगलिंग फेस्टिवल के आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार**



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नयार नदी घाटी व इसके मुख्य पडाव व्यास घाटी को विश्व पटल पर पहचान दिलाने, विश्व पर्यटन को आकर्षित करने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर की भावनाओं को अमली जामा पहनाने के उद्देश्य से आगामी 23 से 25 अक्टूबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय फिश एंगलिंग फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा। फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर गठित समितियों को दायित्व सौंपते हुए सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिये हैं। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने आयोजन स्थल पर विद्युत, पेयजल, शौचालय सहित साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। फेस्टिवल को आकर्षक बनाने के लिए एंग्लिंग के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों के आउटलेट व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

तीन दिवसीय फिश एंगलिंग फेस्टिवल में शामिल की जाने वाली मुख्यतया गतिविधियों एंग्लिंग राफ्टिंग, एडवेंचर स्पोर्ट्स, ट्रेकिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गंगा आरती, हॉट एयर बलून सहित स्थानीय उत्पादों के आउटलेट जैसी लगभग एक दर्जन गतिविधियों को शामिल किये जाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि नयार नदी घाटी व इसके मुख्य पड़ाव व्यासघाट क्षेत्र में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं है। पर्यटन की इन सम्भावनाओं को भुनाने के लिए इस प्रकार के फेस्टिवल के माध्यम से नयार नदी घाटी क्षेत्र को विश्व पटल पर न केवल पहचान मिलेगी, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बल मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार के नये अवसर पैदा होगें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि फेस्टिवल के आयोजन को लेकर प्रस्तावित तिथि को ध्यान में रखते हुए समितियां सभी तैयारियों को समय से पूरा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि फेस्टिवल में देवप्रयाग से व्यास घाट तक की गंगा पथ यात्रा को ट्रेकिंग इवेंट में शामिल किया जा रहा है इसके साथ ही ट्रेकिंग के लिए अन्य विकल्पों पर भी अमल करने को कहा है। बैठक मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, डीडीओ मनविंदर कौर, जिला मत्स्य प्रभारी अभिषेक मिश्रा, जिला विकास एवं पर्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, ईई लोनिवि दिनेश चन्द्र बिजल्वाण, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, खण्ड विकास अधिकारी यमकेश्वर दृष्टि आनन्द सहित विभिन्न प्रदेशों से फिश एंगलर वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

**कार्यालय- ग्रा. प्रधान/ग्रा.प्र.वि अधि. कुठ विकासखण्ड-थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल**

पत्रांक : मैमो/सात-2/ लेखा/ राज्य सैक्टर/2024-25

**अल्पकालिक निविदा/कोटेशन सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु शील्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दि. 14/10/2024 से 19/10/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक 25.10.2024 को अपराहन 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है, निविदा प्रपत्रों को दि. 25.10.2024 में अपराहन 2:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान/ग्रा.प.वि.अधि. कुठ के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू.) में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सभा कुठ में राज्य सेक्टर के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण कार्य | 20000.00 | 1200/-+18% GST अतिरिक्त | 06 माह | डी एवं उच्चतर |

1. निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन.एस.सी./बैंक एफ.डी.आर./पोस्ट आफिस पास बुक के रूप में जो के ग्रा.प. कुठ के पदनाम बन्धक हो ही मान्य होगी। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू.) का स्टाम्प पेपर एवं रू. 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीद टिकट हो, वैधता की शर्तों के लाना अनिवार्य है इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 3. निविदा की शर्त जी.पी.डब्ल्यू-8, जी.पी.डब्ल्यू-9, निविदा प्रपत्र 69/70 के अनुसार होगी, एवं निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है। 4. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**ग्राम पंचायत विकास कुठ**
**विकासखण्ड थलीसैंण**
**(पौड़ी गढ़वाल)**

## एक नजर

### विहिप के आठ कार्यकर्ताओं का कटा चालान

चमोली : विश्व हिन्दू परिषद के आठ कार्यकर्ताओं का लोक शांति भंग करने के आरोप में चालान किया गया है। बुधवार को आरोपियों ने उपजिला मजिस्ट्रेट की अदालत में 50-50 हजार रूपये के व्यक्तिगत बंध पत्र जमा कर भविष्य में शांति कायम रखने का वचन दिया। पिछले दिनों विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कर्णप्रयाग बाजार में कब्रिस्तान की भूमि की पैमाइश को लेकर धरना दिया था। इससे विभिन्न संगठनों और नगर के लोगों ने विहिप कार्यकर्ताओं पर आपसी सौहार्द खराब करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई थी। साथ ही सोशल मीडिया पर लोगों ने विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं के आंदोलन से नगर की कानून व्यवस्था खराब होने का अंदेशा जताया था। उसके बाद मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने पुलिस अधिकारियों को मामले में जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे। पुलिस रिपोर्ट आने के बाद उपजिला मजिस्ट्रेट संतोष कुमार पांडेय की अदालत ने विहिप के जिलाध्यक्ष प्रताप लूथरा, उमेश खंडूड़ी सहित आठ लोगों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की और आरोपियों को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए थे। विहिप कार्यकर्ताओं के अधिवक्ता दिनेश थपलियाल और अनुज डिमरी ने बताया कि बुधवार को उपजिला मजिस्ट्रेट कर्णप्रयाग की अदालत में हाजिर होकर विहिप के आठों लोगों ने व्यक्तिगत बंध पत्र जमा किए और कोर्ट को शांति व्यवस्था बनाए रखने का वचन दिया। (एजेंसी)

### हरियाणा विस चुनाव में जीत का भाजपाईयों ने मनाया जश्न

रुद्रप्रयाग : हरियाणा में हुए हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिलने पर जिले के भाजपाईयों ने खुशी व्यक्त की। साथ ही मुख्य बाजार में आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। हरियाणा में भाजपा की जीत को लेकर मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जमकर आतिशबाजी की। भाजपाईयों ने जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिला महामंत्री भारत भूषण भट्ट ने कहा कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा की बंपर जीत हुई है। जिला मीडिया प्रभारी सतेंद्र बर्त्वाल ने कहा कि यह जीत भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है, जिससे तीसरी बार हरियाणा के निवासियों ने भाजपा को चुना है। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष पार्वती गोस्वामी, जिला कार्यालय प्रभारी सुनील नौटियाल, जिला अध्यक्ष रुद्रप्रयाग व्यापार मंडल एवं निवर्तमान सभासद नगर पालिका रुद्रप्रयाग अंकुर खन्ना, रामलाल चौधरी, चंद्र मोहन सेमवाल, महावीर भट्ट, अमित प्रदाली, लीला सिंह बिष्ट, धर्मेंद्र कंडवाल आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेंसी)

### बुजुर्ग महिलाओं ने किया पर्यावरण में आए बदलावों को साझा

नई टिहरी : बुधवार को गंगा तीर्थ देवप्रयाग से भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून भ्रमण में पहुंची बुजुर्ग महिलायें उत्तराखण्ड की प्रकृति में हुए बदलावों से रूबरू हुई। यहां गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी से पहली बार मुलाकात कर वह काफी प्रसन्न नजर आईं। देवप्रयाग के निकटवर्ती ग्राम पंचायतों की बुजुर्ग महिलाएं क्षेत्र के प्रथम गंगा प्रहरी व ग्राम प्रधान तुंगणी अरविंद जियाल की अगुवाई में भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून पहुंची। जहां उन्होंने अपनी युवावस्था से वृद्ध होने तक पहाड़ों के पर्यावरण में हुए बदलाव को भी अन्य लोगों से साझा किया। प्रकृति में आये बदलाब से गंगा किनारे बसने वाले लोगों का जीवन किस तरह प्रभावित हुआ है, यह भी बुजुर्ग महिलाओं ने बताया। यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे प्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी से पहली बार भेंट करते वह बहुत प्रसन्न हुई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र सिंह नेगी के गीत वह लम्बे समय से सुनती आ रही हैं। बुजुर्ग महिलाओं ने उनसे मिलना जीवन की उपलब्धि बताया। लोक गायक नेगी ने जीवनदायिनी गंगा व प्रकृति को बचाने का संदेश देते हुए गढ़वाली गीत भी बुजुर्ग महिलाओं को सुनाकर उनसे पहाड़ की प्रकृति को बचाने मे सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध भी किया। बुजुर्ग महिलाओ में सुरेशी देवी, भुन्दरी देवी, डिबली देवी, संपति देवी, दिवली देवी आदि शामिल रही। (एजेंसी)

### नन्दानगर में तहसील दिवस 15 को

चमोली : नन्दानगर में 15 अक्टूबर को तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यालय के प्रभारी अधिकारी सिताबू लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आम जनमानस की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के लिए जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर, तृतीय मंगलवार को विकासखण्ड नन्दानगर के सभागार में 11 बजे से 2 बजे तक तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। तहसील दिवस में सभी जिला स्तरीय अधिकारी को उपस्थित रहने के आदेश जारी किए गए हैं। (एजेंसी)

### कर्णप्रयाग में हो रहा किडनी मरीजों का डायलिसिस

चमोली : प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत सीमान्त जनपद चमोली के कर्णप्रयाग में हंस फाउंडेशन के सहयोग से डायलिसिस सेंटर की स्थापना की गयी है। इससे पहले जनपद के लोगों को अत्यधिक कढिनाइयों का सामना करके देहरादून एवं अन्य शहरों में इलाज कराने जाना पड़ता था। अब उतराखण्ड सरकार द्वारा संचालित की जा रही इस योजना से सीमांत जनपद के गुर्दा रोग पीड़ितों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। जिसका सकारात्मक परिणाम जिले के किडनी मरीजों को मिल रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजकेश पांडे ने बताया कि डायलिसिस केन्द्र में प्रति दिवस दो डायलिसिस सेशन प्रति मशीन के अनुसार अब तक 900 सेशन किए गए हैं। जिसमें 72 लोगों ने पीएम डायलिसिस कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क डायलिसिस सुविधा का लाभ लिया है। डायलिसिस के लाभ ले रहे धारकोट चमोली निवासी दिलबर सिंह ने बताया कि पहले डायलिसिस के लिए देहरादून जाना पड़ता था। जो काफी खर्चीला और परेशानी भरा होता था। अब यह सुविधा पास में मिल जाती है। हफ्ते 2 से 3 बार डायलिसिस के आना पड़ता है। मंडल गोपेश्वर के विकास सिंह ने बताया कि लगभग 04 वर्ष पूर्व देहरादून में जांच के बाद डायलिसिस की सलाह दी गयी थी।

# एसडीएम लम्बित राजस्व, फौजदारी वादों का प्राथमिकता से निस्तारण करें



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए लम्बित राजस्व व फौजदारी वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिये है।

उन्होंने कोटद्वार तहसील स्तर पर 167 के लम्बित सभी 31 वादों को पेशकार के पास जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा है।

बुधवार को आयोजित राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न तहसीलों में लम्बे समय से लम्बित पड़े राजस्व वादों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप-जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि 1 से 3, 3 से 5 व 5 वर्ष से अधिक लम्बित वादों की सुनवाई/निस्तारण के लिए केसवार तिथि निर्धारिण का रोस्टर तैयार करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि राजस्व वादों की सुनवाई की तिथि निर्धारण में पेशकार स्तर से देरी की जाती है तो ऐसी स्थिति में सम्बंधित के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिये कि धारा-34 एलआर एक्ट के लम्बित 490 वादों को दीपावली से पूर्व निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं। विद्युत को अवैद्य कनैक्शन लगाने वालों व खनन विभाग को अवैद्य खनन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर लम्बित सभी वादों को गम्भीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। राजस्व वादों में 463 वादों में से सितम्बर माह में 71 वादों के निस्ताण के उपरान्त 392 वाद अवशेष है, जिसमें से 81 वाद पांच वर्ष पुराने शामिल है। स्टॉम्प वादों में लम्बित 20 वादों में से माह सितम्बर में केलव 03 वादों का निस्ताण किया गया, जबकि 17 शेष है। धारा-34 एलआर एक्ट के तहसील स्तरों पर 506 वादों में से माह सितम्बर में कुल 16 वादों का निस्ताण किया गया जबकि 490 वाद शेष है। बैठक में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक राजचन्द्र सेठ, नगर आयुक्त कोटद्वार वैभव गुप्ता, उपजिलाधिकारी नुपूर वर्मा, सोहन सेनी, चतर सिंह चौहान, शालिनी मौर्या, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जिला कार्यालय कुसुम तडियाल, जिला आबकारी अधिकारी के.पी सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एन.के. ओझा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जिला कार्यालय अजीत सिंह रावत सहित तहसीलदार व जिला कार्यालय के पटल प्रभारी उपस्थित थे।

# मर्यादा पुरूषोत्तम राम के आचरण से ले प्रेरणा, जीवन को बनाएं श्रेष्ठ

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : रामलीला के छठवें दिन मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस सुंदर लाल मुयाल ने पौराणिक कथाओं के महत्व को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताया। कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम राम के आचरण से हम अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

रामलीला के छठवें दिन की शुरुआत भगवान की आरती जो तू चाहे सो क्षण में करें से शुरू हुई। मंगलवार की देर शाम तक चली रामलीला में भाव नृत्य में आरुषि नेगी, अदिति रावत, प्राची, कनिका, कशिश और गुंजन वैभवी ममगाईं ने बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। रामलीला भरत के चित्रकूट प्रस्थान से लेकर, पंचवटी में सीता जी को प्यास लगना, अत्रिमुनि अनसूया से भेंट, पंचवटी में सुपर्णखा की नाक कटना, खर दूषण वध, रावण सुपर्नखा संवाद, रावण मारीच संवाद, राम का स्वर्ण मृग वध हेतु गमन, योगी रावण का पंचवटी में प्रवेश, सीता हरण तक मंचित की गई। अत्रिमुनी की भूमिका गोपाल नेगी, अनसूया सोनम डोभाल, सुपर्णखा तनुप्रिया सुंदरियाल, खर निखिल रौथान, दूषण मनीष लिंगवाल, मारीच प्रज्वल, जटायु की भूमिका सचिन ने निभाई।

सुपर्णखा की भूमिका में तनुप्रिया सुंदरियाल के देखो बाली जीवन की बहार जी हां, मैं तो कैसी बनी हूं रसीली नार पर नृत्य ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। उनके सुंदर अभिनय ने रामलीला मैदान में खचाखच भरे दशकों की भीड़ का भरपूर मनोरंजन किया। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय शर्मा, भरत सिंह रावत, कुरा देवी आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने बेहतरीन काम करने पर डीएफओ गढ़वाल को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी में तैनात डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध को वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने पर राज्यपाल ने सम्मानित किया। वन्य जीव संरक्षण को लेकर डिवीजन में उठाएं गए कदमों को लेकर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने राजधानी देहरादून में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया।

आइएफएस अफसर स्वपनिल अनिरुद्ध ने मानव बाहुल क्षेत्रों से 18 गुलदार का सफल रेस्क्यू करने का काम किया। यही नहीं बल्कि कार्बेट की सीमा से सटी धुमाकोट रेंज के करीब दो हजार मीटर की ऊंचाई वाले इलाके से 3 बाघों का भी सफल रेस्क्यू करने में सफलता पाई थी। बाघ ने धुमाकोट रेंज और रिखणीखाल क्षेत्र में तब दो लोगों को निवाला बना दिया था और इस क्षेत्र में दहशत बना दी थी। इसके साथ ही उन्होंने कार्मिकों को वाइल्ड लाइफ और फोरेंसिक ट्रेनिंग के साथ ही नए कार्मिकों को एसएसबी प्रशिक्षण अकादमी की मदद से हथियार चलाने के प्रशिक्षण भी आयोजित किए। गढ़वाल डिवीजन में वन्य जीव संरक्षण को लेकर गुलदार का दग्गड्या जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया और करीब सात दर्जन से अधिक स्कूलों में भी लेपर्ड फ्रेंडली स्कूल कार्यक्रम को पहुंचाते हुए करीब 14 हजार बच्चों को भी जागरूक किया। इस मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल के साथ ही वन विभाग के अन्य अफसर भी मौजूद रहे। डीएफओ ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण को लेकर आगे भी काम किया जाएगा।

### घुरड़ मामला : एक को मिली जमानत, एक की खारिज

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिले के गडोली में घुरड़ का शिकार करने के मामले के बुधवार को दो अन्य आरोपियों के जमानती प्रार्थना पत्र पर जिला एवं सत्र न्यायालय पौड़ी की अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एक आरोपी की जमानत खारिज कर दी, जबकि एक को जमानत दे दी। पौड़ी से सटे गडोली में घुरड़ के शिकार मामले में वन विभाग की टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था। जबकि दो ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। वन विभाग ने मौके से घुरड़ का मांस, खाल और एक बंदूक भी बरामद की थी। इस मामले में कुल चार आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद थे। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप भट्ट ने बताया के विजय दनोसी के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जमानत खारिज कर दी। वहीं इसी मामले में आरोपी प्रमोद भंडारी को कोर्ट ने जमानत दे दी।


# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 102 काश्तकारों को दिया प्रशिक्षण



चमोली : प्रधानमंत्री कृषि सिचांई योजनान्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जड़ी बूटी शोध एंव विकास संस्थान मण्डल गोपेश्वर में आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अपर परियोजना निदेशक केके पंत ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं सिंचाई मिशन के विषय विशेषज्ञ डॉ. पीके सिंह ने काश्तकारों को सूक्ष्म सिंचाई मिशन के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

अपर उद्यान अधिकारी डीपी डंगवाल ने उद्यान विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी व सहायक विकास अधिकारी नेहा राणा ने कीवी व मशरुम उत्पादन के विषय पर जानकारी प्रदान की। जड़ी बूटी शोध संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सीपी कुनियाल ने काश्तकारों को जड़ी-बूटी कृषिकरण व विपणन को लेकर संचालित योजना और तकनीकी के विषय में जानकारी दी। वहीं विभागीय प्रशिक्षक की ओर से काश्तकारों को खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर भारत ड्रिप हॉर्टिकल्चर स्टॉल लगाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 102 काश्तकारों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में उद्यान प्रभारी रघुबीर सिंह राणा, ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक डीएस कांडपाल एवं शंकर देवरानी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# इस तारीख से पहले हो आएं केदारनाथ धाम



रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम के दर्शन करने का प्लान बना रहे हैं तो थोड़ा जल्दी कीजिए, क्योंकि धाम के कपाट बंद होने की तारीख तय कर दी गई है। मंदिर के पट शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगें। इसकी घोषणा बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने कर दी है। इसलिए बताई गई तारीख के हिसाब से आप अपनी मंगल यात्रा को अरेंज करें और अपने दर्शन को सफल बनाएं। मंदिर के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी है कि केदारनाथ मंदिर के कपाट इस वर्ष तीन नवंबर को सुबह साढ़े आठ बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य पदाधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि परंपरा के अनुसार, केदारनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए भाई दूज के अवसर पर तीन नवंबर को बंद कर दिए जाएंगे।

**इस तारीख को भी रखें ध्यान**

पदाधिकारी ने बताया कि शीतकाल के दौरान भगवान केदारनाथ के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास स्थल ऊखीमठ के श्री ओंकारेश्वर मंदिर में होंगे। उच्च गढ़वाल क्षेत्र में स्थित केदारनाथ मंदिर सहित चारों धामों के कपाट हर साल अक्टूबर-नवंबर में श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाते हैं, जिन्हें अगले वर्ष फिर अप्रैल-मई में खोला जाता है।

**अन्य धामों के कपाट इस समय होते बंद**

अन्य तीन धामों में यमुनोत्री के कपाट भैया दूज पर जबकि गंगोत्री के कपाट दीवाली के अगले दिन अन्नकूट पर्व पर शीतकाल के लिए बंद होंगे। वहीं बदरीनाथ मंदिर के बंद होने की तिथि दशहरे के त्यौहार पर तय की जाएगी। केदारनाथ मंदिर भारत के उत्तराखंड में हैं। यह हिन्दुओं का प्रसिद्ध मंदिर है। हिमालय की गोद में बसे इस मंदिर में बारह ज्योतिर्लिंग में से एक हैं। इनकी मान्यता हिन्दुओं में बहुत ज्यादा है।

### दिव्यांगों के लिए 15 अक्टूबर से लगेंगे शिविर

नई टिहरी : जनपद में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन जिनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र किसी कारणवश अभी तक नहीं बन पाए हैं। ऐसे दिव्यांगजनों की सुविधा को देखते हुए विभिन्न विकासखंडों में शिविर आयोजित किये जायेंगे। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शिविर समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सुबह 11 बजे से आयोजित होंगे। शिविर में दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड, कृत्रिम अंग वितरण एवं पेंशन योजनाओं में आ रही समस्याओं का भी निराकरण किया जायेगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आगामी 15 अक्तूबर को विकासखंड प्रतापनगर के तहत जीआईसी माजफ में शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार आगामी 22 अक्तूबर को विकासखंड कीर्तिनगर के तहत विकासखंड मुख्यालय कीर्तिनगर, आगामी 7 नवम्बर को विकासखंड जौनपुर के तहत विकासखंड मुख्यालय जौनपुर (थत्यूड़), आगामी 14 नवंबर को विकासखंड फकोट तहत चाका (बाजार के निकट), आगामी 21 नवंबर को विकासखंड भिलंगना के तहत विकासखंड मुख्यालय भिलंगना में तथा आगामी 28 नवंबर को विकासखंड चंबा तहत प्रताप इण्टर कालेज नई टिहरी में शिविर आयोजित किये जायेंगे। (एजेंसी)

### जिला मुख्यालय में वर्षो बाद भी नहीं बन पाया सरकारी गेस्ट हाउस

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग मुख्यालय में वर्षो बाद भी सरकारी गेस्ट हाउस नहीं बन पाया है। जिससे अतिथियों को यहां रुकने के लिए सरकारी व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं हो पाती है। हालांकि किसी तरह प्राइवेट होटलों में उन्हें ठहराया जाता है। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रुद्रप्रयाग में सर्किट हाउस बनाने की घोषणा से सरकारी गेस्ट हाउस निर्माण की भी उम्मीदें बंध गई है। जनपद बने 27 साल तो गुजर गए, लेकिन जिला मुख्यालय में एक सरकारी गेस्ट हाउस तक नहीं बन पाया है। जिससे जनपद पहुंचने वाले अतिथियों को ठहरने में ज्यादा दिक्कतें होती है। बीते दिनों अगस्त्यमुनि दौरे पर आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग में सर्किट हाउस के निर्माण की घोषणा की। जिसके बाद अब सर्किट हाउस के साथ ही अतिथियों के ठहरने के लिए गेस्ट हाउस निर्माण की उम्मीदें बंध गई है।

# पुलिस से जुड़ी समस्या का जल्द होगा निस्तारण : एसएसपी

नई टिहरी : थाना चंबा में बुधवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों ने ट्रैफिक व्यवस्था, सत्यापन आदि विषयों पर पुलिस को अपने सुझाव दिए। एसएसपी ने कहा कि पुलिस से जुड़ी समस्या का जल्द निराकरण किया जाएगा।

पुलिस विभाग की ओर से थाना चंबा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों आदि ने नगर की ट्रैफिक व्यवस्था, नशा उन्मूलन, पुलिस सत्यापन, पार्किंग व्यवस्था आदि कई मुद्दों पर अपने सुझाव दिए और उनके आधार पर कार्यवाही की बात कही। ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय मैठाणी,व्यापार मंडल अध्यक्ष बलबीर पुंडीर, प्रेस क्लब अध्यक्ष शशि भूषण भट्ट, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष संजय रावत, निवर्तमान सभासद शक्ति प्रसाद जोशी ने कहा कि चंबा जिले का प्रमुख केंद्र बिंदु है और चार धाम यात्रा मार्ग से जुड़ा आबादी वाला नगर है। जिस कारण बाजार में जाम लगना आम बात है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिस को बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करना चाहिए। इसमें नगर के व्यापारी व वरिष्ठ नागरिक पुलिस का सहयोग करेंगे। निवर्तमान सभासद शिव प्रसाद उनियाल ने कहा कि नगर में कई अग्नि दुर्घटनाएं हो चुकी है। इसलिए नगर में अग्निशमन की सुविधा होनी चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, कृष्ण स्वरूप डबराल, विकास रावत, राजेश्वर बडोनी, गबर सिंह आदि ने भी कई सुझाव दिए। एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि पुलिस से संबंधित जितनी भी समस्याएं हैं, उन्हें चिन्हित कर लिया है। उनका जल्द निराकरण किया जाएगा।

# मौसम सुहावना, चोपता और तुंगनाथ पहुंचे हजारों सैलानी



चमोली : पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम सुहावना होने के बाद पर्यटन व धार्मिक स्थल गुलजार हो गए हैं। चोपता और तुंगनाथ में हजारों सैलानी पहुंचे हैं। इससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलने से लोगों के चेहरों पर रौनक बिखरी है। तुंगनाथ में भगवान शिव की आराधना के लिए दक्षिण भारत सहित देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रृद्धालु आए हैं। अगस्त व सितंबर माह में बरसात के कारण बदरीनाथ व हेमकुंड धार्मिक स्थलों पर तीर्थ यात्रियों की संख्या में भारी कमी आई थी। इसके अलावा पर्यटन स्थल भी सूने पड़े थे। लेकिन, अब मौसम सुहावना होने के बाद गढ़वाल के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। गोपेश्वर-मंडल रोड़ पर चोपता से करीब चार किलोमीटर की चढ़ाई पार करने के बाद तुंगनाथ पहुंचने पर पर्यटक खुशी से झूम रहे हैं। हरे-भरे बुग्याली क्षेत्र होने से वहां पर्यटकों की भीड़ लगी है। कठिन चढ़ाई चढने के बाद मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर भक्त भाव विभोर हो रहे हैं। तुंगनाथ को पंचकेदारों में तृतीय केदार के नाम से जाना जाता है। यहां पर भगवान शिव की भुजाओं के दर्शन होते हैं। वहीं, चोपता भी प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां प्रतिवर्ष हजारों सैलानी पहुंचते हैं। तुंगनाथ जाने वाले श्रृद्धालु चोपता से ही अपनी करीब चार किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू करते हैं। यहां पर सड़क किनारे एक हजार से अधिक सैलानियों के वाहन रूके हैं। उमेश भट्ट, अजय कप्रवाण, दिनेश थपलियाल, मुकेश आदि ने बताया कि चोपता और तुंगनाथ में देश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचे हैं। इसके अलावा बेनीताल, रूपकुंड, वेदनी व आली बुग्याल, औली, लोहाजंग आदि पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की भीड़ लगी है। (एजेंसी)

### गौशाला का कार्य करीब 70 प्रतिशत पूरा

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में गौशाला का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो गया है। नगर निगम क्षेत्र के गंगा दर्शन मोड़ से कुछ दूरी पर 3.21 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही आधुनिक गौशाला में अलग-अलग कुल नौ छोटी-छोटी गौशालाएं बनाई जा रही हैं। जिसमें गाय, नंदी और बीमार गाय को अलग से रखा जाएगा। हर गौशाला की क्षमता 50 पशुओं की होगी। कुल मिलाकर 450 पशुओं की क्षमता की गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। दूसरी ओर नगर निगम को कैटल कैचर मशीन भी मिल गई है। गौशाला के निर्माण कार्य पूरे होते ही निगम प्रशासन निराश्रित गोवंशों को कैटल कैचर मशीन से पकड़कर गौशाला ले जाया जाएगा।

# नरेंद्र महिला विद्यालय और जीआईसी नागणी रहे अव्वल

नई टिहरी : ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव में बुधवार को छात्र-छात्राओं ने शानदार मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विज्ञान नाट्य में नरेंद्र महिला विद्यालय, विज्ञान प्रश्नोत्तरी सीनियर वर्ग में जीआईसी नागणी और जूनियर वर्ग में राउमा भोनाबागी प्रथम रहा। जीजीआईसी चंबा में आयोजित विज्ञान महोत्सव का खंड शिक्षाधिकारी नरेश कुमार, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री सतवीर पुंडीर और शिक्षाविद सोमवारी लाल सकलानी ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह छात्रों के प्रतिभा दिखाने का अच्छा मंच है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से विज्ञान को सरल एवं समाज के लिए उपयोग बनाने, विज्ञान के सकारात्मक रूप से समाज में विज्ञान के महत्व को रेखांकित किया। ब्लॉक समन्वयक वीरेंद्र पुंडीर और प्रधानाचार्य अंजू चौहान ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी सीनियर वर्ग में अंकुश पंवार प्रथम, सिमरन द्वितीय, आंचल चौहान तृतीय रही। जूनियर वर्ग में अंशिका सेमवाल पहले, अंकिता दूसरे और अनामिका तीसरे स्थान पर रही। विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में नरेंद्र महिला विद्यालय भागीरथीपुरम प्रथम, हिमालयन पब्लिक स्कूल सनगांव द्वितीय, जीजीआईसी चंबा तृतीय रहा। विज्ञान प्रश्नोत्तरी सीनियर वर्ग में जीआईसी नागणी, जीआईसी नकोट जीपीईआईसी बौराड़ी क्रमशःपहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहा। जूनियर वर्ग में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोनाबागी प्रथम, जीजीआईसी चंबा द्वितीय और जीआईसी नागराजाधार तृतीय रहा। प्रतियोगिताओं में पहले स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर विनीता बहुगुणा, विनोद चमोली, सुशील चौहान, सुरेंद्र शाह, कौशल्या सजवाण, राजेश रमोला, श्वेता रमोला, जगदंबा पांडेय, पवनेश कुमार, प्रमिला मखलोगा, सुभाष उनियाल, रविंद्र भंडारी, ताजवीर नेगी, विजय सकलानी, कुसुमलता राणा, रानी पयाल, मीनाक्षी सिरस्वाल मौजूद आदि मौजूद थे।

# मुख्य सचिव ने दिए निर्देश, नदियों के चैनलाइजेशन का काम समय से पूरा करें



देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को एसडीआरएफ (राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि) के तहत होने वाले विभिन्न सुरक्षात्मक एवं पुर्ननिर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्धता को प्राथमिकता देने की सख्त हिदायत दी है।

सीएस रतूड़ी ने बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों के साथ ही नदियों के नियमित चैनलाइजेशन करने के निर्देश दिए हैं। जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में आबादी की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता पर रखने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने तटबंधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कटाव स्थलों पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर नियमित निरीक्षण हेतु भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत क्षतिग्रस्त केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग के सुरक्षात्मक कार्यों, रुद्रप्रयाग में ऊखीमठ के बेडुला तिमली तोक व सरूणा गांवों की मधुगंगा नदी से कटाव सुरक्षा योजना, ऊखीमठ के पैज गांव की आवासीय बस्ती के समीप वैज–करोखी मोटर मार्ग पर भू–धंसाव एवं भू–स्खलन की रोकथाम हेतु सुरक्षा योजना, रा0 ई0 कालेज वैडा के समीप हो रहे भूस्खलन एवं आकाश कामिनी नदी से कटाव सुरक्षा योजना, सीतापुर बाजार की पातीगाड एवं मन्दाकिनी नदी के दांये तट से कटाव सुरक्षा योजना, सोनप्रयाग में सोन नदी के बाएं तट पर बिजली घर पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों, सोनप्रयाग में सोन व मन्दाकिनी नदी के संगम में डाउन स्ट्रीम में निर्मित योजनाओं के सुरक्षात्मक कार्यों, ऊखीमठ की मंगोली आवासीय बस्ती की कुपडा गदेरे से कटाव सुरक्षा योजना, उत्तरकाशी के बड़कोट के बनास गांव में आबादी के बचाव हेतु सुरक्षात्मक कार्यों, उधमसिंहनगर के सितारगंज में निर्मल नगर को बैगुल नदी की बाढ़ से बचाने हेतु बाढ़ सुरक्षा योजना जैसे विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया।

# डीएम का त्वरित एक्शन: निर्णय के 15 दिन के भीतर ही धरातल उतारी टीमें

देहरादून। आज जिलाधिकारी/प्रशासक सविन बंसल ने नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के मरम्मत हेतु 35 टीमों को मय वाहन के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को 20 फॉगिंग एवं स्प्रे मशीनें उपलब्ध कराई।

जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में काफी समय से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी थीं जिनकी शिकायते स्थानीय जनता द्वारा प्राप्त हो रहीं थी।इसी के दृष्टिगत निगम क्षेत्र में खराब लाइट की मरम्मत के लिए वाहनों को रवाना किया गया है। जिलाधिकारी ने 25 सितम्बर को नगर निगम में आयोजित बैठक में लिया था लाईट मरम्मत कार्य नगर निगम से कराने का निर्णय, जिस पर त्वरित एक्शन लेते हुए धरातल पर उतारी टीमें।

जिलाधिकारी ने कार्यों के सत्यापन के मैकेनिज्म को मजबूत करने हेतु रिपोर्टिंग अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए जो टीम की उपस्थिति के साथ ही टीम के कार्यों तथा उपकरण की मांग का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। नगर निगम के कन्ट्रोलरूम प्रभारी लाईटिंग से सम्बन्धित शिकायतों को निर्धारित प्रारूप पर डेटासीट तैयार करते हुए सम्बन्धित रिपोर्टिंग अधिकारी/लाईट इन्सपैक्टर को प्रेषित करेंगे।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com